प्रेषक,

मुख्य शिक्षा अधिकारी,
देहरादून।

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
देहरादून।

पत्रांकःशिविर(मा0)/ 6796-97 /विविध/2025-26/ दिनांकः 11 जुलाई, 2025

**विषयः** **श्रीमती अंशु सारस्वत धर्मपत्नी श्री बिजेन्द्र सारस्वत के प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्रीमती अंशु सारस्वत धर्मपत्नी श्री बिजेन्द्र सारस्वत के प्रार्थना पत्र दिनांक 10 जुलाई 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करना चाहें, जो कि आपके द्वारा अधोहस्ताक्षरी को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पत्र के माध्यम से प्रार्थिनी द्वारा अवगत कराया गया है कि उनका पुत्र वंडर इयर एकेडमी, देहरादून में अध्ययनरत् था एवं उनके द्वारा अपने पुत्र का दूसरे विद्यालय में पंजीकरण कराया गया है, किन्तु प्रधानाचार्या, वंडर इयर एकेडमी, देहरादून द्वारा उनके पुत्र की टी.सी. को प्रतिहस्ताक्षरित नहीं किया जा रहा है।

अतः उक्त के क्रम में सादर अवगत कराना है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किये जाने के उपरान्त प्रधानाचार्या द्वारा सम्बन्धित अभिभावक को उनके पुत्र की टी.सी. उपलब्ध करा दी गयी है, जिसे प्रतिहस्ताक्षरित किये जाने हेतु अभिभावक को मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, देहरादून को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। विद्यालय द्वारा कृत कार्यवाही की पुष्टि हेतु दिनांक 11 जुलाई 2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा श्रीमती अंशु सारस्वत से दूरभाष पर वार्ता की गयी, जिसके क्रम में यह पाया गया कि वंडर इयर एकेडमी, देहरादून द्वारा पूर्व में ही उनके पुत्र की टी.सी. निर्गत कर उन्हें उपलब्ध करा दी गयी है, जिसे दिनांक 14 जुलाई 2025 को सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रतिहस्ताक्षरित (काउंटर साईन) कर दिया जायेगा।

भवदीय

(विनोद कुमार ढौंडियाल)
मुख्य शिक्षा अधिकारी
देहरादून।

पृष्ठांकनःशिविर(मा0)/ 6796-97 /विविध/2025-26/ दिनांकः उक्तांकित।

**प्रतिलिपिः–** 1. श्रीमती अंशु सारस्वत धर्मपत्नी श्री बिजेन्द्र सारस्वत पता–टर्नर रोड, लेन नं. 06, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

मुख्य शिक्षा अधिकारी
देहरादून।

Scanned with OKEN Scanner

सेवा में

श्री मान जिलाधिकारी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

CEd·O·
Get it resolved today
11·7

महोदय

सविनय निवेदन यह है कि मेरा बेटा पिछले तीन साल से वन्डर इयर्र ऐकडमी मे पढ रहा था अभी मे अपेन बेटे का एडमिशन दुसेर स्कूल मे करवा चुकी हू पर वन्डर ईयर्स स्कूल की प्रिंसिपल मैम काउण्टर साइन टी.सी नही दे रही है जिसकी वजह से मुझे बहुत परेशानी का सामना करना पड रहा. आपसे प्राथना है कि कृपया आप मेरी सहायता करे

प्राथनी Anu

अंशू सारस्वत W/o बिजेन्द्र सारस्वत
Address - Turner Road Lane No-6
Dehradun . Pincode 248002
No:- 8126918661

10/07/025

Scanned with OKEN Scanne
Scanned with OKEN Scanner